राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

एफ .7(26)परीक्षा–ख/AEN/2017-18/279 दिनांक: 23.07.2021

प्रेस–नोट

सहायक अभियन्ता (सिविल/विद्युत/यांत्रिकी) प्रतियोगी परीक्षा 2018 (राज्य सेवा) के मुख्य परीक्षा परिणाम दिनांक 04.03.2021 में अस्थाई रूप से सफल अभ्यर्थियों की पात्रता जांच काउन्सलिंग के माध्यम से आयोग कार्यालय में दिनांक 23.06.2021 से 27.07.2021 (प्रातः एवं सांय सत्र) एवं 28.07.2021 को प्रातः सत्र को संपादित की जा रही है।

उक्त काउन्सलिंग में दिनांक 23.07.2021 को सांय तक अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा एक और अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 28.07.2021 को प्रातः एवं सांय सत्र में काउन्सलिंग हेतु बुलाया जा रहा है। अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों की सूची आयोग कार्यालय की वेबसाईट पर अपलोड़ करवाई जा रही है तथा इनको रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर पर S.M.S. द्वारा भी सूचित किया जा रहा है।

काउन्सलिंग में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों के नवीन काउन्सलिंग पत्र अपलोड नहीं किये गये हैं। अतः आयोग की वेबसाईट **www.rpsc.rajasthan.gov.in** से विस्तृत आवेदन पत्र, काउन्सलिंग लैटर तथा दो प्रपत्र एवं आवश्यक दिशा–निर्देश डाउनलोड कर उनका अध्ययन करते हुए आयोग द्वारा पूर्व में अपलोड किये गये काउन्सलिंग पत्र लेकर ही काउन्सलिंग हेतु मूल दस्तावेजों के साथ निर्धारित दिनांक 28.07.2021 को समयान्तर्गत उपस्थित होंवे।

काउन्सलिंग हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा कोई यात्रा/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

(नीतू यादव)
संयुक्त सचिव